# पाठ - 7 जलाते चलो

निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर छाँटकर लिखिए-

प्रश्न 1.द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी का जन्म कब हुआ ?

(क) 1915

(ख) 1916

(ग) 1917

(घ) 1920

प्रश्न 2.कवि किस प्रकार के दिये जलाते रहने को कह रहा है ?

(क) पुराने दिये

(ग) नए दिये

(ख) बिजली के दिये

(घ) स्नेह भरे दिये

प्रश्न 3.विश्व में आज क्या घिरी आ रही है ?

(क) पूर्णिमा

(ख) अमावस्या

(ग) तिमिर

(घ) धरा

प्रश्न 4.कवि किन्हें बुझाने को कहता है ?

(क) विद्युत के दिये

(ख) तेल के दिये

(ग) स्नेह के दिये

(घ) सभी दिये

प्रश्न 5.पहला दिया किसने जलाया था ?

(क) सामान्य मनुष्य ने

(ख) कवि ने

(ग) भला करने वाले व्यक्ति ने

(घ) किसी ने नहीं

प्रश्न 6.तिमिर को पार करने का क्या उपाय किया गया था ?

(क) अंधकार रूपी नदी को पार करने के लिए नाव बनाई थी।

(ख) दीपक जलाया था।

(ग) तिमिर को चुनौती दी गई थी।

(घ) कुछ नहीं किया गया।

प्रश्न 7. कवि कैसा प्रतीत होता है ?

(क) निराशावादी

(ख) आशावादी

(ग) असमंजसवाला

(घ) कह नहीं सकते

प्रश्न 8. तिमिर की शिला पर दीपक जलाने का काम किसने किया है ?
(क) कवि ने
(ख) पवन ने
(ग) समय ने
(घ) परोपकारी व्यक्तियों ने

प्रश्न 9. समय किस बात का साक्षी है ?
(क) पवन ने जलते दियों को बुझा दिया।
(ख) दीपक जलते रहते हैं।
(ग) समय सभी को देखता रहता है।
(घ) दीपक अनगिनत हैं।

प्रश्न 10. **कथन -** बुझा दीप पहला तुम्ही ने तिमिर की चुनौति प्रथम बार स्वीकार की थी |

**कारण** - क्योंकि अँधेरे से उजाले में आने के लिए दीपक जलाये जाते हैं |

(क) कथन सही है, पर कारण गलत है |

(ख) कथन गलत है, पर कारण सही है |

(ग) कथन और कारण दोनों सही है |

(घ) कथन और कारण दोनों गलत है |